# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 11/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग, केंद्र और राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों से संबंधित है?

**Ans**
✗ 1. भाग XI
✗ 2. भाग XIII
✓ 3. भाग XII
✗ 4. भाग X

**Q.2** नीति आयोग द्वारा जारी फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2025 (Fiscal Health Index 2025) में कौन-सा भारतीय राज्य शीर्ष पर है?

**Ans**
✗ 1. कर्नाटक
✓ 2. ओडिशा
✗ 3. महाराष्ट्र
✗ 4. गुजरात

**Q.3** बिजली वितरण (power distribution) कंपनियों के संदर्भ में UDAY का पूर्ण रूप क्या है?

**Ans**
✗ 1. Urban Distribution Action Yojana (अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन एक्शन योजना)
✗ 2. Utility Development and Assistance Yojana (यूटिलिटी डेवलपमेंट एंड असिस्टेंस योजना)
✓ 3. Ujwal DISCOM Assurance Yojana (उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना)
✗ 4. Uninterrupted Domestic Assurance Yojana (अनइंटरप्टेड डोमेस्टिक एश्योरेंस योजना)

**Q.4** भारत में तीसरे प्रेसीडेंसी बैंक के रूप में बैंक ऑफ मद्रास की स्थापना कब की गई थी?

**Ans**
✗ 1. 1840
✓ 2. 1843
✗ 3. 1857
✗ 4. 1863

**Q.5** अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा, सैन्य विभाग था?

**Ans**
✗ 1. दीवान-ए-रिसालत (Diwan-i-risalat)
✗ 2. दीवान-ए-विज़ारत (Diwan-i-wizarat)
✓ 3. दीवान-ए-अर्ज़ (Diwan-i-arz)
✗ 4. दीवान-ए-इंशा (Diwan-i-insha)

| | |
|---|---|
| Q.6 | आइकिया (Ikea), जिसे 2013 में 10 वर्षों में एलाइड इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ 10 स्टोर स्थापित करने के लिए ₹10,500 करोड़ के FDI प्रस्ताव के लिए सरकार की मंजूरी मिली थी, जो एक ___________ है। |
| Ans | ✗ 1. चीनी कंपनी |
| | ✓ 2. स्वीडिश कंपनी |
| | ✗ 3. जर्मन कंपनी |
| | ✗ 4. अमेरिकी कंपनी |

| | |
|---|---|
| Q.7 | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) द्वारा 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 131 शहरों (गैर-प्राप्ति शहरों और मिलियन प्लस शहरों) में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए 2019 में निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया था? |
| Ans | ✗ 1. वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान प्रणालियाँ (Air Quality Forecasting Systems) |
| | ✗ 2. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु एजेंसियों का संघ (National Association of Clean Air Agencies) |
| | ✓ 3. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (National Clean Air Programme) |
| | ✗ 4. स्वच्छ वायु सर्वेक्षण (Swach Vayu Survekshan) |

| | |
|---|---|
| Q.8 | भारत में राष्ट्रीय शिक्षा एवं सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वेंट्स ऑफ़ इंडिया सोसाइटी की स्थापना किसने की? |
| Ans | ✗ 1. एस.एन. बनर्जी |
| | ✗ 2. बिपिन चंद्र पाल |
| | ✓ 3. गोपाल कृष्ण गोखले |
| | ✗ 4. बाल गंगाधर तिलक |

| | |
|---|---|
| Q.9 | 26 फरवरी 2025 को किन तीन अंतर्राष्टीय संगठनों ने संयुक्त रूप से जिनेवा स्थित स्वास्थ्य, व्यापार और बौद्धिक संपदा (IP) राजनयिकों के लिए एक त्रिपक्षीय सहयोग ब्रीफिंग (Trilateral Cooperation briefing) का आयोजन किया? |
| Ans | ✗ 1. WHO, IMF और UNDP |
| | ✗ 2. WHO, WIPO और UNICEF |
| | ✓ 3. WHO, WIPO और WTO |
| | ✗ 4. WHO, UNESCO और WTO |

| | |
|---|---|
| Q.10 | भारत के मणिपुर में लाई हारोबा (Lai Haraoba) नृत्य करने वाली नामित महिला भक्तों को संदर्भित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द प्रयुक्त किया जाता है? |
| Ans | ✗ 1. पुजारिन |
| | ✗ 2. जोगिन |
| | ✗ 3. मायबा |
| | ✓ 4. मायबी |

| | |
|---|---|
| Q.11 | निम्नलिखित में से किस कथन में सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन किया गया है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की तुलना में लक्षद्वीप द्वीप समूह में जैवविविधता कम क्यों है? |
| Ans | ✓ 1. लघु भू-क्षेत्र और वनों की अनुपस्थिति |
| | ✗ 2. उच्च मानव जनसंख्या घनत्व |
| | ✗ 3. ज्वालामुखी उद्गम और बंजर मृदा |
| | ✗ 4. उच्च ऊँचाई और ठंडा तापमान |

| Q.12 | निम्नलिखित में से कौन-सा, संक्षिप्त नाम को उसके पूर्ण रूप और प्राथमिक कार्य के साथ सही ढंग से सुमेलित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. CD – Central Disc (सेंट्रल डिस्क)– ऑपरेटिंग सिस्टम को स्थायी रूप से संग्रहीत करता है |
| | ✗ 2. ASCII – American Standard Communication for Input and Interface (अमेरिकन स्टैंडर्ड कम्युनिकेशन फॉर इनपुट एंड इंटरफेश) – ग्राफिक डिजाइन के लिए उपयोग किया जाता है |
| | ✗ 3. ASCII – Advanced System for Communication Interface (एडवांस्ड सिस्टम फॉर कम्युनिकेशन इंटरफेश) –LAN सेटअप में उपयोग किया जाता है |
| | ✓ 4. LAN – Local Area Network (लोकल एरिया नेटवर्क)– कंप्यूटरों को सीमित क्षेत्र के भीतर जोड़ता है |

| Q.13 | 7 मई 2025 को, भारत ने आपातकालीन तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए कितने जिलों में राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल किये? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 150 |
| | ✗ 2. 200 |
| | ✓ 3. 244 |
| | ✗ 4. 290 |

| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, नेपाल के साथ अपनी सीमा साझा करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ओडिशा |
| | ✗ 2. मेघालय |
| | ✗ 3. हिमाचल प्रदेश |
| | ✓ 4. बिहार |

| Q.15 | मार्च 2023 में लॉन्च किए गए भारत के 'भारत 6G विजन (Bharat 6G Vision)' का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 2025 तक 5G तकनीक को प्रतिस्थापित करना |
| | ✗ 2. विकसित देशों से 6G अवसंरचना का आयात करना |
| | ✗ 3. विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में 6G सेवाओं का व्यावसायीकरण करना |
| | ✓ 4. 2030 तक भारत को 6G तकनीक में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करना |

| Q.16 | अक्टूबर 2024 में, C-295 वायुयान के विनिर्माण के लिए उद्घाटन किया गया टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स कहां स्थित है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. वडोदरा |
| | ✗ 2. पुणे |
| | ✗ 3. हैदराबाद |
| | ✗ 4. चेन्नई |

| Q.17 | उत्तर-पश्चिम भारत में कौन-सी प्राकृतिक भू-आकृति, ग्रीष्म महीनों के दौरान निम्न-दाब द्रोणी के आरंभ को चिह्नित करती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. सतपुड़ा पर्वतमाला |
| | ✗ 2. गंगा बेसिन |
| | ✓ 3. अरावली पहाड़ियाँ |
| | ✗ 4. थार मरुस्थल |

| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत का एक जनजातीय नृत्य रूप है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. भांगड़ा |
| | ✗ 2. लावणी |
| | ✓ 3. गुस्साड़ी |
| | ✗ 4. कथक |

| | |
|---|---|
| Q.19 | लिपिड पाचक एंजाइमों की कमी या निष्क्रियता के कारण मस्तिष्क कोशिकाओं में लिपिड के संचय से कौन-सा रोग होता है? |
| Ans | ✔ 1. टे-सैक रोग (Tay-Sachs disease) |
| | ✘ 2. पार्किंसंस रोग (Parkinson's disease) |
| | ✘ 3. अल्ज़ाइमर रोग (Alzheimer's disease) |
| | ✘ 4. हंटिंगटन रोग (Huntington's disease) |

| | |
|---|---|
| Q.20 | किस भारतीय संगठन ने जनवरी 2025 में डिजिटल इकोसिस्टम पर केंद्रित 19वें इंडिया डिजिटल समिट की मेजबानी की? |
| Ans | ✔ 1. इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IAMAI) |
| | ✘ 2. नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (NASSCOM) |
| | ✘ 3. कंफेडेरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) |
| | ✘ 4. टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) |

| | |
|---|---|
| Q.21 | भारत में ब्रिटिश शासन के संबंध में नरमपंथी कांग्रेस नेताओं की मुख्य धारणा क्या थी? |
| Ans | ✔ 1. ब्रिटिश शासन का समर्थन |
| | ✘ 2. हिंसक विद्रोह |
| | ✘ 3. क्रमिक राजनीतिक स्वतंत्रता |
| | ✘ 4. तत्काल स्वतंत्रता |

| | |
|---|---|
| Q.22 | सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिए 97वें संशोधन द्वारा संविधान के निम्नलिखित में से किस भाग में संशोधन किया गया था? |
| Ans | ✔ 1. भाग IXB |
| | ✘ 2. भाग IXA |
| | ✘ 3. भाग XII |
| | ✘ 4. भाग XI |

| | |
|---|---|
| Q.23 | 2025 में घोषित, निम्नलिखित में से किस सेवामुक्त भारतीय नौसेना जहाज को अंडरवाटर म्यूजियम (underwater museum) में बदल दिया जाएगा? |
| Ans | ✘ 1. INS विशाखापत्तनम (INS Visakhapatnam) |
| | ✔ 2. INS गुलदार (INS Guldar) |
| | ✘ 3. INS नीलगिरि (INS Nilgiri) |
| | ✘ 4. INS कलवरी (INS Kalvari) |

| | |
|---|---|
| Q.24 | प्रत्यक्ष कर सुधार, भारत की राजकोषीय समेकन रणनीति का हिस्सा रहा है। उदारीकरण के बाद के भारत में प्रत्यक्ष करों के सरलीकरण की अनुशंसा निम्नलिखित में से किस समिति ने की थी? |
| Ans | ✔ 1. केलकर समिति (Kelkar Committee) |
| | ✘ 2. तारापोर समिति (Tarapore Committee) |
| | ✘ 3. नरसिम्हन समिति (Narasimham Committee) |
| | ✘ 4. दत्त समिति (Dutt Committee) |

| | |
|---|---|
| Q.25 | [अप्रैल 2025] न्यू कैलेडोनिया, जो निकेल खनन और स्वतंत्रता बहस पर विरोध प्रदर्शनों के लिए सुर्खियों में था, किस देश का एक क्षेत्र है? |
| Ans | ✘ 1. ऑस्ट्रेलिया |
| | ✘ 2. यूनाइटेड किंगडम |
| | ✔ 3. फ्रांस |
| | ✘ 4. न्यूज़ीलैंड |

| Q.26 | अप्रैल 2025 में विमोचित की गई, 'एआई ऑन ट्रायल (AI on Trial)' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. मनोहर लाल खट्टर और हिमांशु धूलिया |
| | ✓ 2. सुजीत कुमार और तौसीफ आलम |
| | ✗ 3. बंडारू दत्तात्रेय |
| | ✗ 4. हिमांशु रॉय |

| Q.27 | 1990 में भारत में जीवन प्रत्याशा 58.6 वर्ष से बढ़कर, 2023 में कितने वर्ष हो गई, जो सूचकांक शुरू होने के बाद से सबसे उच्चतम दर्ज की गई है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 75 वर्ष |
| | ✗ 2. 65 वर्ष |
| | ✗ 3. 70 वर्ष |
| | ✓ 4. 72 वर्ष |

| Q.28 | निम्नलिखित में से किस संशोधन द्वारा प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़े गए? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 39वें |
| | ✗ 2. 24वें |
| | ✗ 3. 44वें |
| | ✓ 4. 42वें |

| Q.29 | अनुच्छेद 243F के अनुसार, पंचायतों के लिए चुनाव लड़ने की आवश्यक न्यूनतम आयु कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 25 वर्ष |
| | ✗ 2. 18 वर्ष |
| | ✗ 3. 30 वर्ष |
| | ✓ 4. 21 वर्ष |

| Q.30 | निम्नलिखित में से कौन-सा नकारात्मक परिणाम, 1857 के विद्रोह ने भारतीय समाज में उत्पन्न किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. भारतीय हस्तशिल्प उद्योगों का पतन |
| | ✗ 2. आदिवासी और किसान आंदोलनों का कमजोर होना |
| | ✗ 3. भारतीय भाषाओं और संस्कृति का पतन |
| | ✓ 4. हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच अविश्वास |

| Q.31 | निम्नलिखित में से कौन-सा, एमएस विंडोज डेस्कटॉप इंटरफ़ेस के डायरेक्ट विजुवल एलिमेंट के बजाय प्राथमिक रूप से सिस्टम कॉन्फ़िगरेशन टूल है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Recycle Bin |
| | ✗ 2. Start Menu |
| | ✓ 3. Control Panel |
| | ✗ 4. Taskbar |

| Q.32 | एमाइलोपेक्टिन एक शाखित-श्रृंखला पॉलीसैकेराइड है, जो मुख्य रूप से ________ द्वारा संलग्न ग्लूकोज इकाइयों से बना होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. β-1,6-ग्लाइकोसिडिक आबंधों |
| | ✗ 2. β-1,4-ग्लाइकोसिडिक आबंधों |
| | ✓ 3. α-1,4-ग्लाइकोसिडिक आबंधों |
| | ✗ 4. α-1,2-ग्लाइकोसिडिक आबंधों |

| Q.33 | निम्नलिखित में से कौन-सी सामान्य आण्विक संरचना कार्बनिक यौगिकों के वर्ग को अभिलक्षित करती है, जिन्हें डाइएजोनियम यौगिक या डाइएजोनियम लवण के रूप में जाना जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. $R_2C=NR'$ |
| | ✓ 2. $R-N_2^+ X^-$ |
| | ✗ 3. R-CO-NR'R" |
| | ✗ 4. R-C≡N |

| Q.34 | एरण शिलालेख में उल्लिखित है कि समुद्रगुप्त को उसके पिता ने उसके ______ के कारण राजा के रूप में चुना था। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. अन्य राजाओं से समर्थन |
| | ✗ 2. धन और लोकप्रियता |
| | ✗ 3. आयु और जन्मसिद्ध अधिकार |
| | ✓ 4. भक्ति, न्यायपरायणता और वीरता |

| Q.35 | कोयला मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में किस भारतीय राज्य के पास सर्वाधिक कोयला भंडार था? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. ओडिशा |
| | ✗ 2. तेलंगाना |
| | ✗ 3. मध्य प्रदेश |
| | ✗ 4. झारखंड |

| Q.36 | 2025 में लॉन्च किया जाने वाला नौसैनिक पोत 'तवस्या (Tavasya)' निम्नलिखित में से किस श्रेणी में वर्गीकृत है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. सर्विलांस शिप (Surveillance Ship) |
| | ✗ 2. बैलिस्टिक सबमरीन (Ballistic Submarine) |
| | ✗ 3. कॉर्वेट (Corvette) |
| | ✓ 4. स्टील्थ फ्रिगेट (Stealth Frigate) |

| Q.37 | जून 2025 में किस घटना ने इज़राइल-ईरान संघर्ष को बढ़ा दिया? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमला |
| | ✗ 2. संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPoA) की विफलता |
| | ✓ 3. ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर इज़राइली पूर्व-आक्रमण |
| | ✗ 4. एक ईरानी जनरल की हत्या |

| Q.38 | किस अधिनियम ने पहली बार भारतीय सदस्यों को विधान परिषदों में बजट पर चर्चा करने की अनुमति दी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 |
| | ✗ 2. भारतीय परिषद अधिनियम, 1861 |
| | ✗ 3. भारत सरकार अधिनियम, 1858 |
| | ✓ 4. भारतीय परिषद अधिनियम, 1892 |

| Q.39 | 2025 में कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ अपने सीमा विवाद को हल करने के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय निकाय में याचिका दायर की? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय |
| | ✗ 2. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद |
| | ✗ 3. विश्व व्यापार संगठन |
| | ✗ 4. आसियान (ASEAN) क्षेत्रीय मंच |

| Q.40 | वर्ष 2025 में 7वां खेलो इंडिया यूथ गेम्स किस राज्य में आयोजित किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. हरियाणा |
| | ✗ 2. महाराष्ट्र |
| | ✗ 3. गुजरात |
| | ✓ 4. बिहार |

Section : **Mathematics**

| Q.1 | 16 + 12 ÷ 6 − 2 × 4 का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 13 |
| | ✓ 2. 10 |
| | ✗ 3. 9 |
| | ✗ 4. 12 |

| Q.2 | ABCD एक समलम्ब है जिसमें BC ∥ AD और AC = CD है। यदि ∠ABC = 54° और ∠BAC = 60° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 181 |
| | ✗ 2. 171 |
| | ✓ 3. 48 |
| | ✗ 4. 184 |

| Q.3 | एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 41 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 14 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 33.82 |
| | ✓ 2. 32.82 |
| | ✗ 3. 31.82 |
| | ✗ 4. 34.82 |

| Q.4 | पाइप P, किसी टैंक के $\frac{3}{4}$ भाग को 15 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{5}{6}$ भाग को 25 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 2 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 5 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 22 घंटे |
| | ✗ 2. 31 घंटे |
| | ✓ 3. 20 घंटे |
| | ✗ 4. 17 घंटे |

| Q.5 | उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 249 m और 217 m भुजाओं वाले एक आयत के अंदर पूर्णतः खींचा जा सकता है। ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 679 |
| | ✓ 2. 682 |
| | ✗ 3. 690 |
| | ✗ 4. 676 |

| Q.6 | 2 पेन और 19 पेंसिल की कीमत ₹118 है। यदि पेन की कीमत ₹5 प्रति पेन कम हो जाती है और पेंसिल की कीमत ₹4 प्रति पेंसिल बढ़ जाती है, तो 5 पेन और 8 पेंसिल की कीमत ₹144 हो जाती है। 14 पेन और 6 पेंसिल की मूल कीमत कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. ₹318 |
| | ✘ 2. ₹314 |
| | ✘ 3. ₹319 |
| | ✘ 4. ₹321 |

| Q.7 | 30 cm व्यास वाले गोले का आयतन ज्ञात कीजिए। (π = 3.14 का उपयोग कीजिए।) |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 15,130 $cm^3$ |
| | ✘ 2. 15,230 $cm^3$ |
| | ✘ 3. 14,230 $cm^3$ |
| | ✔ 4. 14,130 $cm^3$ |

| Q.8 | ₹1,200 पर 4% प्रति माह की ब्याज दर से 3 माह का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. ₹12 |
| | ✘ 2. ₹32 |
| | ✔ 3. ₹144 |
| | ✘ 4. ₹24 |

| Q.9 | एक व्यक्ति 42 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 5.4 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 3.51 km |
| | ✘ 2. 3.42 km |
| | ✘ 3. 4.38 km |
| | ✔ 4. 3.78 km |

| Q.10 | रितु, समीर और ईशा ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,350, ₹1,470 और ₹1,380 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,330 है, तो लाभ में ईशा का हिस्सा कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. ₹437 |
| | ✘ 2. ₹438 |
| | ✘ 3. ₹435 |
| | ✘ 4. ₹439 |

| Q.11 | ₹74,000 को A, B और C के बीच इस प्रकार बांटा गया कि A का 9 गुना = B का 3 गुना = C का 7 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. ₹14,194 |
| | ✘ 2. ₹13,865 |
| | ✔ 3. ₹14,000 |
| | ✘ 4. ₹13,816 |

| Q.12 | वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 527 और 632 को विभाजित करने पर शेषफल क्रमशः 7 और 8 प्राप्त होंगे। |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 102 |
| | ✔ 2. 104 |
| | ✘ 3. 98 |
| | ✘ 4. 112 |

| Q.13 | एक जिले की जनसंख्या 359000 है, जिसमें से 179000 पुरुष हैं। 22% जनसंख्या साक्षर है। यदि 22% पुरुष साक्षर हैं, तो कितने प्रतिशत महिलाएँ साक्षर हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. 22% |
| | ✘ 2. 20% |
| | ✘ 3. 19% |
| | ✘ 4. 24% |

| Q.14 | A किसी कार्य को 13 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 24 दिनों में कर सकता है। यदि वे 5 दिनों तक एक साथ इस पर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. $\frac{133}{312}$ |
| | ✘ 2. $\frac{129}{312}$ |
| | ✔ 3. $\frac{127}{312}$ |
| | ✘ 4. $\frac{137}{312}$ |

| Q.15 | फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹15,990 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3 : 5 : 7 है, तो सबसे सस्ती वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 7,462 |
| | ✔ 2. 9,594 |
| | ✘ 3. 1,066 |
| | ✘ 4. 3,198 |

| Q.16 | एक उत्पाद का मूल्य ₹10,000 है। एक थोक व्यापारी उसपर 20% की व्यापार छूट प्रदान करता है। छूट देने के बाद के मूल्य पर 10% की स्कीम छूट दी जाती है। हालाँकि, यदि ग्राहक नकद भुगतान करता है, तो दोनों छूटों के बाद अंतिम मूल्य पर 5% की अतिरिक्त छूट दी जाती है। ग्राहक को कितने अंतिम मूल्य का भुगतान करना पड़ता है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. ₹6,800 |
| | ✘ 2. ₹7,000 |
| | ✔ 3. ₹6,840 |
| | ✘ 4. ₹6,940 |

| Q.17 | 79 प्लेटें ₹79 में खरीदी गईं, और 13 प्लेटें परिवहन के दौरान टूट गईं। व्यापारी ने शेष प्लेटें ₹5.90 प्रति प्लेट के दर से बेच दीं। उसका लाभ ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. ₹310.40 |
| | ✘ 2. ₹316.40 |
| | ✘ 3. ₹305.40 |
| | ✘ 4. ₹314.90 |

| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 740705 को विभाजित करती है? |
|---|---|
| Ans | ✘ 1. 9 |
| | ✘ 2. 4 |
| | ✔ 3. 5 |
| | ✘ 4. 12 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | एक महिला 282 km की दूरी 47 km/hr की चाल से, 120 km की दूसरी दूरी 20 km/hr की चाल से और 496 km की तीसरी दूरी 62 km/hr की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 52.2 |
| | ✗ 2. 46.7 |
| | ✓ 3. 44.9 |
| | ✗ 4. 53.6 |

| | |
|---|---|
| Q.20 | यदि पहली संख्या का 39% दूसरी संख्या के $\frac{8}{9}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात कितना है? |
| Ans | ✗ 1. 804 : 348 |
| | ✗ 2. 796 : 347 |
| | ✗ 3. 805 : 353 |
| | ✓ 4. 800 : 351 |

| | |
|---|---|
| Q.21 | $x(6x - 3) + 5(x^2 - 4) + 18$ को सरल करें। |
| Ans | ✗ 1. $11x^2 - 3x + 2$ |
| | ✗ 2. $-11x^2 - 3x + 2$ |
| | ✓ 3. $11x^2 - 3x - 2$ |
| | ✗ 4. $-11x^2 - 3x - 2$ |

| | |
|---|---|
| Q.22 | यदि एक पिता की आयु में उसके पुत्र की आयु का 5 गुना जोड़ा जाए, तो योग 79 वर्ष होता है। यदि पिता की आयु का 2.5 गुना, उसके पुत्र की आयु में जोड़ा जाए, तो योग 94 वर्ष होता है। पिता की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ 1. 34 |
| | ✗ 2. 37 |
| | ✗ 3. 30 |
| | ✗ 4. 38 |

| | |
|---|---|
| Q.23 | एक व्यापारी चावल को 39% के लाभ पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह बेईमानी से उस बांट पर अंकित वजन से 17% कम वजन का उपयोग करता है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।) |
| Ans | ✓ 1. 67% |
| | ✗ 2. 66% |
| | ✗ 3. 72% |
| | ✗ 4. 69% |

| | |
|---|---|
| Q.24 | एक शर्ट का अंकित मूल्य ₹800 है तथा इसे 25% की छूट पर बेचा जाता है। विक्रय मूल्य कितना है? |
| Ans | ✗ 1. ₹640 |
| | ✓ 2. ₹600 |
| | ✗ 3. ₹620 |
| | ✗ 4. ₹680 |

| | |
|---|---|
| Q.25 | 466 और 476 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या, इन दोनों संख्याओं सहित, ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 5 |
| | ✓ 2. 1 |
| | ✗ 3. 3 |
| | ✗ 4. 2 |

| Q.26 | एक इमारत के शिखर पर एक ध्वजदंड खड़ा है। इमारत के पाद से 30 m की दूरी पर, ध्वजदंड के शिखर का उन्नयन कोण 60° है और इमारत के शिखर का उन्नयन कोण 30° है। ध्वजदंड की ऊँचाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. $40\sqrt{3}$ |
| | ✓ 2. $20\sqrt{3}$ |
| | ✗ 3. $60\sqrt{3}$ |
| | ✗ 4. $30\sqrt{3}$ |

| Q.27 | एक संख्या में 60% की वृद्धि करने पर 3550 प्राप्त होता है। वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 6656.25 |
| | ✓ 2. 2218.75 |
| | ✗ 3. 1109.375 |
| | ✗ 4. 4437.5 |

| Q.28 | $\sqrt{400} + \sqrt{0.0225} - \sqrt{9}$ का मान _____ है। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 14.54 |
| | ✗ 2. 1.54 |
| | ✗ 3. 12.19 |
| | ✓ 4. 17.15 |

| Q.29 | किसी निश्चित मूलधन पर 7.7% वार्षिक ब्याज दर पर $2\frac{6}{7}$ वर्ष का साधारण ब्याज ₹1,188 है। उसी मूलधन पर 8.5% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर $4\frac{5}{9}$ वर्ष में देय मिश्रधन ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. ₹7,491 |
| | ✗ 2. ₹7,489 |
| | ✗ 3. ₹7,484 |
| | ✗ 4. ₹7,504 |

| Q.30 | दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 91 और 546 है। यदि उनमें से एक संख्या 182 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 273 |
| | ✗ 2. 364 |
| | ✗ 3. 91 |
| | ✗ 4. 182 |

## Section : General Intelligence and Reasoning

| Q.1 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. QL-PS |
| | ✓ 2. NI-MO |
| | ✗ 3. TO-SV |
| | ✗ 4. KF-JM |

| Q.2 | निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनें जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br><br>SKIP - KSPI - PIKS<br>MEND - EMDN - DNEM |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. KITE - IKET - ETIK |
| | ✗ 2. HEAL - AHEL - LAEH |
| | ✗ 3. PLUM - PULM - MULP |
| | ✗ 4. FOIL - LIFO - FOLI |

| Q.3 | एक निश्चित तरीके से, GT 23 का संबंध FP 6 से है। उसी तरीके से, HP 21 का संबंध GL 4 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OL 15 का सबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. NI 4 |
| | ✔ 2. NH 2 |
| | ✗ 3. MH 2 |
| | ✗ 4. MI 4 |

| Q.4 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>100 A 5 C 14 D 5 B 3 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 23 |
| | ✗ 2. 27 |
| | ✗ 3. 15 |
| | ✔ 4. 19 |

| Q.5 | विजय अपनी कक्षा में शीर्ष से 12वें स्थान पर तथा नीचे से 34वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 47 |
| | ✔ 2. 45 |
| | ✗ 3. 44 |
| | ✗ 4. 46 |

| Q.6 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOSE' को '9432' के रूप में और 'LOST' को '9364' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. 6 |
| | ✗ 2. 4 |
| | ✗ 3. 9 |
| | ✗ 4. 3 |

| Q.7 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन: सभी घड़ियाँ, बेल्ट हैं। कोई बेल्ट, टाई नहीं है।<br><br>निष्कर्ष (I): कुछ घड़ियाँ, टाई हैं।<br>निष्कर्ष (II): सभी टाई, बेल्ट हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 2. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं। |
| | ✔ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.8 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।<br><br>(बाएँ) 5 * # 7 % £ 9 4 $ 3 & @ 8 Ω $ 1 6 & # 2 (दाएँ)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक अन्य संख्या है? |
| Ans | ✔ 1. एक |
| | ✘ 2. एक भी नहीं |
| | ✘ 3. दो |
| | ✘ 4. दो से अधिक |

| | |
|---|---|
| Q.9 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>XZR UWO RTL OQI ? |
| Ans | ✘ 1. LNE |
| | ✘ 2. LME |
| | ✔ 3. LNF |
| | ✘ 4. LMF |

| | |
|---|---|
| Q.10 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>13 31 40 76 94 148 ? |
| Ans | ✘ 1. 202 |
| | ✔ 2. 175 |
| | ✘ 3. 220 |
| | ✘ 4. 157 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>‘A $ B’ का अर्थ है कि ‘A, B की पुत्री है’<br>‘A + B’ का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’<br>‘A @ B’ का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’<br>‘A ÷ B’ का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’<br><br>उपरोक्त के आधार पर, यदि ‘E @ F + G $ M ÷ N’ है, तो E का N से क्या संबंध है? |
| Ans | ✘ 1. पत्नी |
| | ✘ 2. पुत्री |
| | ✔ 3. भाई की पत्नी |
| | ✘ 4. भाई की पुत्री |

| | |
|---|---|
| Q.12 | रोज़ बिंदु A से यात्रा शुरू करके पश्चिम की ओर 7 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 5 km ड्राइव करती है, फिर बाएं मुड़ती है और 12 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 9 km ड्राइव करती है। अंततः वह दाएं मुड़ती है, 5 km ड्राइव करती है और बिंदु P पर रुक जाती है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
| Ans | ✔ 1. 14 km, उत्तर की ओर |
| | ✘ 2. 16 km, पूर्व की ओर |
| | ✘ 3. 14 km, दक्षिण की ओर |
| | ✘ 4. 16 km, पश्चिम की ओर |

| Q.13 | उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेट की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा इत्यादि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br>(384, 32, 6)<br>(408, 68, 3) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. (280, 38, 5) |
| | ✗ 2. (348, 41, 4) |
| | ✓ 3. (416, 52, 4) |
| | ✗ 4. (394, 48, 4) |

| Q.14 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 7 @ > 5 # ? \ + * 2 > ? > $ 4 % % $ 7 4 2 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य प्रतीक और ठीक बाद एक संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. दो |
| | ✗ 2. पाँच |
| | ✗ 3. तीन |
| | ✓ 4. चार |

| Q.15 | सात व्यक्ति, A, B, C, T, U, V और W उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। V और T के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। T के ठीक बाईं ओर पड़ोस में U बैठा है। C के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। C और U के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में W बैठा है। B और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. चार |
| | ✓ 2. दो |
| | ✗ 3. तीन |
| | ✗ 4. एक |

| Q.16 | संख्या 6317458 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से तीसरे अंक और दाएँ से दूसरे अंक का योग कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 9 |
| | ✗ 2. 12 |
| | ✗ 3. 11 |
| | ✗ 4. 10 |

| Q.17 | सात व्यक्ति L, M, N, O, P, Q और R, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>N के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q, N के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। O, P के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।<br>पंक्ति के बाईं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. O |
| | ✗ 2. L |
| | ✓ 3. M |
| | ✗ 4. R |

| | |
|---|---|
| Q.18 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'month owl row' को 'eg kv oc' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'vex row virus' को 'jl vf eg' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'row' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
| Ans | ✗ 1. oc |
| | ✗ 2. kv |
| | ✗ 3. jl |
| | ✓ 4. eg |

| | |
|---|---|
| Q.19 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br><br>SONG - OSNG - GNOS<br>HEAT - EHAT - TAEH |
| Ans | ✗ 1. TONG - TNOG - GNOT |
| | ✓ 2. FUSE - UFSE - ESUF |
| | ✗ 3. UNIT - NUIT - TNIU |
| | ✗ 4. BUYS - UBYS - UYSB |

| | |
|---|---|
| Q.20 | अमन, बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर 10 m चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 m चलता है, फिर दाएं मुड़ता है और 6 m चलता है, और फिर से दाएं मुड़ता है और 12 m चलता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 4 m चलकर रुक जाता है। अपने प्रारंभिक बिंदु पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ 90 डिग्री के मोड़ हैं।) |
| Ans | ✓ 1. 7 m, पूर्व की ओर |
| | ✗ 2. 7 m, उत्तर की ओर |
| | ✗ 3. 8 m, पश्चिम की ओर |
| | ✗ 4. 8 m, दक्षिण की ओर |

| | |
|---|---|
| Q.21 | राजेश अपनी कक्षा में शीर्ष से 25वें स्थान पर तथा नीचे से 35वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
| Ans | ✗ 1. 60 |
| | ✗ 2. 58 |
| | ✓ 3. 59 |
| | ✗ 4. 57 |

| | |
|---|---|
| Q.22 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>EHR LOY SVF ZCM ? |
| Ans | ✗ 1. GRF |
| | ✗ 2. GFR |
| | ✓ 3. GJT |
| | ✗ 4. GTJ |

| Q.23 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>सभी हाथ, पैर हैं।<br>कुछ पैर, चेहरा हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) सभी पैर, हाथ हैं।<br>(II) सभी चेहरा, पैर हैं। |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। |
| | ✗ 2. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ 3. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। |
| | ✗ 4. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। |

| Q.24 | दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।<br>44 55 68 83 100 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 112 |
| | ✔ 2. 119 |
| | ✗ 3. 108 |
| | ✗ 4. 124 |

| Q.25 | सभी 30 विद्यार्थी उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। दीपा बाएं छोर से 9वें स्थान पर है, जबकि सविता दाएं छोर से 11वें स्थान पर है। दीपा और सविता के बीच कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. 10 |
| | ✗ 2. 9 |
| | ✗ 3. 11 |
| | ✗ 4. 8 |

| Q.26 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. GJ - FI |
| | ✔ 2. KR - GT |
| | ✗ 3. EH - DG |
| | ✗ 4. MP - LO |

| Q.27 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. GK-BF |
| | ✗ 2. LP-GJ |
| | ✗ 3. SW-NQ |
| | ✗ 4. UY-PS |

| Q.28 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>9 B 5 D 12 A 2 C 11 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 38 |
| | ✗ 2. 43 |
| | ✗ 3. 32 |
| | ✓ 4. 50 |

| Q.29 | यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>24 + 86 × 2 − 15 ÷ 4 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 41 |
| | ✗ 2. 58 |
| | ✗ 3. 32 |
| | ✗ 4. 49 |

| Q.30 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>49, 81, 121, 169, ?, 289 |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 196 |
| | ✗ 2. 256 |
| | ✓ 3. 225 |
| | ✗ 4. 245 |